एसबीआई लाइफ ग्राहकों को समर्पित पत्रिका | अक्टूबर-दिसंबर, 2017

# Namastey Life

SBI Life
INSURANCE
With Us, You're Sure

## एमडी का संदेश



प्रिय मित्रो,

आपसे मिले निरंतर समर्थन के लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ जिसकी बदौलत हम आपको बेहतरीन सेवा देने के लिए हमेशा अच्छी स्थिति में रहते हैं. आपको सूचित करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि 3 अक्टूबर 2017, हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन था जब हमारी कंपनी ने लिस्टेड कंपनी बनने के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को छुआ. हमारा आईपीओ पिछले 7 वर्षों के विशालतम आईपीओ में से एक था. एवं निवेशकों ने उसे भारी समर्थन दिया और 3.58 गुना अधिक सब्सक्राइब किया. निवेशकों द्वारा जताए गए विश्वास और आस्था तथा हमारी कंपनी द्वारा हासिल किया गया मूल्य हमारे सुदृढ़ मूलभूत पहलुओं का प्रतिबिंब है.

मुझे आपको यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि एसबीआई लाइफ भारत की पहली लाइफ इंश्योरेंस कंपनी है जो कि ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टीट्यूशन (बीएसआई) के द्वारा जोखिम प्रबंधन के मानक के लिए ISO 31000:2009 प्रमाणित है. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को बीएसआई इंडिया द्वारा ऑडिट किया गया है और उन्होंने 31 मई 2017 को एसबीआई लाइफ को अनुपालन पत्र जारी किया है.

हम निरंतर ऐसे उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रयास करते हैं जिन्हें हमारे ग्राहकों की नित बदलती ज़रूरतों के अनुसार रचा जाता है. ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पाद पोर्टफोलियो प्रदान करने की कोशिश करते हुए हमने हाल ही में एक नया उत्पाद एसबीआई लाइफ – संपूर्ण कैंसर सुरक्षा लॉन्च किया है, जो कि एक व्यापक कैंसर इंश्योरेंस पॉलिसी है जिसमें अनेक खूबियाँ हैं जो कठिन समय में व्यक्ति और उसके परिवार को आवश्यक आधार प्रदान करती है. इस प्लान के साथ व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहता है और कैंसर का निदान होने के मामले में खुद को तथा अपने परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से सुरक्षित रखता है.

ग्राहक सेवा और अपने शेयरधारकों व समाज को व्यापक तौर पर बेहतर मूल्य प्रदान करने के प्रति हम एक नई यात्रा के साथ बिलकुल वचनबद्ध हैं. हमारे विकास की कहानी ग्राहक को केंद्र में रखकर, भविष्य के लिए तैयार संस्थान व समग्रतापूर्ण सफलता निर्मित करते हुए आगे बढी है. आपने हमारे ऊपर जो विश्वास दर्शाया है, वह हमारे लिए अत्यंत मूल्यवान है.

शुभकामनाओं सहित!

**अरिजीत बासू**
एमडी और सीईओ

## एसबीआई लाइफ ने 4 राज्यों में बाढ़ राहत संबंधी प्रचालन शुरू किए

कुदरती आपदा न सिर्फ किसी स्थान की भौगोलिक स्थिति को तबाह करती है बल्कि वहां रहनेवाले लोगों के जीवन को भी अस्त-व्यस्त कर देती है. उत्तरी और पूर्वोत्तर भारत में जून के महीने में हुई भारी वर्षा के कारण असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ आ गई जिसके कारण कई सारे निचले इलाके जलमग्न हो गए. एसबीआई लाइफ ने खाद्य और स्वच्छता सामग्री मुहैया करवाते हुए 22,600 प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए एक छोटा सा कदम उठाया है, जिससे उन परिवारों का जीवन तेजी से पटरी पर आ सके.








Namastey Life
SBI Life INSURANCE With Us, You're Sure






## आपको रखे आर्थिक रूप से तैयार ताकि आप कैंसर को हरा सकें

आपकी सेहत में ही आपकी खुशहाली है. इस खुशहाली को सुरक्षित कीजिए और अपने परिवार तथा खुद को सभी अनिश्चितताओं से संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हुए जिंदगी का जश्न मनाइए.

जब आपकी तैयारी रहती है तब आप किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं, फिर चाहे वह कैंसर जैसी चुनौती ही क्यों न हो. भारत में कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं और यह किसी को भी दुखी कर सकता है. यह मरीजों को न सिर्फ शारीरिक रूप से प्रभावित करता है बल्कि भावनात्मक और आर्थिक रूप से भी प्रभावित करता है. इस प्रकार से कुल मिलाकर परिवार की खुशहाल स्थिति पर असर पड़ता है. इस उत्पाद के साथ यहाँ पर आपकी तैयारी और योजना की भूमिका आती है, जो आपको विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करती है और कैंसर का निदान होने के मामले में आपको अपने परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से सुरक्षित करने में आपकी मदद करती है.

इसीलिए हम आपसे आपको अपना नियोजन जारी रखने तथा खुद को एसबीआई लाइफ-सम्पूर्ण कैंसर सुरक्षा (UIN: 111N109V01) के साथ बीमित करने का आग्रह करते हैं, जो कि एक व्यापक कैंसर इंश्योरेंस पॉलिसी है जिसमें ढेर सारी खूबियाँ हैं जो इन कठिन परिस्थितियों में कार्यरत होती हैं और आवश्यक सहायता प्रदान करती हैं और आप तथा आपके परिवार की मदद करती हैं.



## मुख्य विशेषताएँ

तीन लाभ संरचनाओं का विकल्प[1] :

- **स्टैंडर्ड :** माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.
- **क्लासिक :** एडवांस्ड स्टेज कैंसर पर अतिरिक्त भुगतान के साथ माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.
- **एनहांस्ड :** एडवांस्ड स्टेज कैंसर पर अतिरिक्त भुगतान और आश्वासित राशि रिसेट के लाभ के साथ माइनर और मेजर स्टेज कैंसर को कवर करता है.

ओवर द काउंटर प्रोडक्ट : बिना किसी मेडिकल परीक्षण के सरल नामांकन प्रक्रिया.

झंझट रहित दावा प्रक्रिया : भुगतान वास्तव में हुए खर्चों से स्वतंत्र रहते हैं.

मासिक आय लाभ विकल्प : मेजर स्टेज कैंसर के निदान पर 3 वर्षों तक मासिक भुगतान के रूप में आश्वासित राशि का 1.20% पाने का लचीलापन.

प्रीमियम वेवर लाभ : इन-बिल्ट प्रीमियम वेवर लाभ.

मेडिकल सेकंड ओपिनियन[2] : मेडिकल एक्सपर्ट्स से सेकंड ओपिनियन (दूसरी राय) लेने की सुविधा.

कर बचत[3] : हेल्थ बेनिफिट के प्रति अदा प्रीमियमों के लिए धारा 80D का लाभ पाइए.

किफायती प्रीमियम.

[1]चुनी गई लाभ संरचना के आधार पर कैंसर के विशिष्ट स्टेजेस को कवर किया गया है. आरंभ में एक बार चुनी गई लाभ संरचना को पॉलिसी अवधि के दौरान बदला नहीं जा सकता.

[2]यह सेवा आश्वासित जीवन को अन्य डॉक्टर द्वारा उनके परीक्षण और उपचार पर सेकंड ओपिनियन पाने में सक्षम बनाता है. यह सेवा केवल कैंसर और सीआईएस के निदान पर प्रदान की जाएगी. सेवाएँ मेडिगाइड इंडिया द्वारा प्रदान की जाती हैं.

[3]कर लाभ आयकर कानूनों के अनुसार हैं और समय-समय पर बदलाव के अधीन हैं. कृपया विवरण के लिए अपने कर सलाहकार से सलाह लें.



# त्यौहारों का जश्न संगीत के जादू के संग

अगस्त माह आते ही हम सभी त्यौहारों के वातावरण में खो जाते हैं. विविधता पूर्ण त्यौहार हमारे देश को अनेक रंगों में रंग देते हैं जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं. जब त्यौहारों का जश्न मनाने की बात आती है तब पूरे देश की तरह ही हमारी एसबीआई लाइफ भी इससे अछूती नहीं है. अपने उत्सव की खुशियों को मनाने के लिए हमने त्यौहारों के दौरान नियोजन के आनंद को प्रकट करने के लिए संगीत का मार्ग चुना हैं.

इस उत्सव के माहौल में जोश भरने के लिए हमने देश के लोकप्रिय गायकों के साथ गठजोड़ किया फिर चाहे वह गणपति उत्सव के दौरान ढोल की थाप हो, नवरात्रि के समय ड्रम की टंकार हो, या फिर दुर्गा पूजा के दौरान ढाक की आवाज हो या फिर ओणम मनाने के लिए संगीतमय प्रस्तुति हो.


लोकप्रिय गायक सुखविंदर सिंह ने गणपति उत्सव के आरंभ में श्रोताओं को अपनी आवाज से मंत्रमुग्ध कर दिया तो केरल में ओणम के आगमन पर गायक विजय येशुदास ने लोगों का दिल जीता. मधुर गायिका मोनाली ठाकुर और कुशल गायिका दिव्या कुमार ने दुर्गा पूजा और नवरात्रि के रोमांच को अपनी मधुर आवाज देकर और भी मोहक बना दिया. दूसरी ओर जाने माने गायकों नकाश अजीज और बेनी दयाल की आवाज ने दिवाली की जगमगाहट में चारचाँद लगा दिए.

गीतों का सार जिंदगी का जश्न मनाने के लिए पहले से योजना बनाने पर केंद्रित था. विचार यह था कि यदि हम त्यौहारों की योजना जिस प्रकार बनाते हैं, ठीक उसी प्रकार का उत्साह जीवन की योजना बनाने में दिखाएँ तो हमारा जीवन भी एक जश्न बन जाएगा. एसबीआई लाइफ में हम मानते हैं कि त्यौहारों के आने पर हर कोई उत्सव की योजना बनाए और जिंदगी के जश्न का नियोजन भी करे.






# अपने प्रीमियम भुगतान को ऑटो पायलट पर रखिए



सीधे बैंक या कार्ड से जोड़िए – एक बार का सेट अप – जीवन भर की सुविधा

लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियाँ निवेश का अनोखा माध्यम हैं जो व्यक्ति को अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षित आर्थिक भविष्य की योजना बनाने में मदद करती हैं. वे महत्वपूर्ण इंश्योरेंस कवर प्रदान करती हैं और बचत तथा संपत्ति निर्माण के माध्यम का काम भी करती हैं ताकि आप विभिन्न आर्थिक लक्ष्यों हासिल कर सकें.

एक दीर्घ कालिक कॉन्ट्रैक्ट होने के नाते लाइफ इंश्योरेंस में पॉलिसी की अवधि के दौरान नवीनीकरण प्रीमियम का नियमित भुगतान करने की ज़रूरत होती है. प्रीमियमों का समय पर भुगतान करने से आपकी पॉलिसी हमेशा चालू रहती है जो कि बहुत महत्वपूर्ण होता है ताकि आप उन लक्ष्यों को हासिल कर सकें.

भुगतान की नियत तारीख को कभी चूकना नहीं चाहिए.

हम समझते हैं कि व्यस्त कामकाज के साथ सभी नियत तारीखों और डेडलाइन्स को याद रखना कठिन होता है. रिन्यूअल भुगतान की प्रक्रिया को अधिक सहज और सुगम्य बनाने के लिए एसबीआई लाइफ बहुत सारे प्रीमियम भुगतान के विकल्प प्रदान करती है.

ऑटो भुगतान का विकल्प ऐसी ही एक सुविधा है जो पॉलिसीधारकों को इन चिंताओं और नियत तारीखों को याद रखने की झंझट से मुक्त करती है. आपको स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन के लिए मात्र एक बार का सेट-अप देना होता है तथा आप डेबिट का सुविधाजनक दिनांक भी चुन सकते हैं ताकि वह आपके वेतन या अन्य नकद आमदनी के अनुसार प्रीमियम भुगतान के समय से मेल खाए.

अभी सेट-अप कीजिए हमारे कस्टमर पोर्टल https://mypolicy.sbilife.co.in पर या अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें.

यदि आप अब भी खुद ही प्रीमियमों का भुगतान करना चाहते हैं तो हम ऑनलाइन प्रीमियम भुगतान सुविधा देते हैं जिसमें आप नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, ईवॉलेट्स जैसे कि पेटीएम, रिलायंस जियो, एयरटेल मनी इत्यादि, यूपीआई, भारत क्यूआर और अन्य अनेक विकल्पों के माध्यम से प्रीमियम अदा कर सकते हैं. संपूर्ण विवरण के लिए हमारी वेबसाइट पर विज़िट करें.

हमसे संपर्क करें 1800 22 9090 | info@sbiife.co.in | www.sbilife.co.in

Namastey Life
SBI Life INSURANCE With Us, You're Sure



# हमें ISO 31000:2009 रिस्क मैनेजमेंट स्टैंडर्ड (ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टीट्यूशन - बीएसआई इंडिया द्वारा) का अनुपालन करने पर गर्व है

ISO 31000 जोखिम प्रबंधन से जुड़े मानकों का एक समूह है, जिसे इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर स्टैंडर्डाइजेशन द्वारा रचा गया है. ISO 31000:2009 का प्रयोजन जोखिम प्रबंधन पर सिद्धांत और सामान्य दिशानिर्देश प्रदान करना है. ISO 31000 प्रैक्टीशनर्स और कंपनियों को मौजूदा असंख्य मानकों, तरीकों और रूपावली, जो कि अलग अलग उद्योगों, विषयों और क्षेत्रों में अलग अलग होते हैं, के स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्य जोखिम प्रबंधन की रूपावली प्रदान करता है.

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को बीएसआई इंडिया द्वारा ऑडिट किया गया है और उन्होंने यह प्रदत्त किया है कि एसबीआई लाइफ ISO 31000:2009 सम्मत है. इस उपलब्धि के साथ एसबीआई लाइफ ISO 31000:2009 रिस्क मैनेजमेंट मानक के अनुसार चलने वाली भारत की पहली लाइफ इंश्योरेंस कंपनी बन गई है. अभिनन्दन समारोह के चित्र निम्नांकित हैं.




एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री अरिजित बासु ने 31 मई 2017 को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय में बीएसआई के एमडी श्री वेंकटराम अराबोलू को हाथों से अनुपालन पत्र प्राप्त किया.


## आपकी एसबीआई लाइफ पॉलिसियों में आधार और पैन/फॉर्म 60 का अपडेशन (अद्यतनीकरण)

दिनांक 1 जून 2017 को वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना के अनुसार बीमा सहित सभी वित्तीय सेवाएँ लेने के लिए आधार और पैन/फॉर्म 60 का अपडेशन अनिवार्य कर दिया गया है.

इसे ध्यान में रखते हुए, आपसे अपने आधार और पैन/फॉर्म 60 के विवरण को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी में 31 मार्च 2018 तक या पहले अपडेट करवाने का निवेदन किया जाता है ताकि आपको अपनी पॉलिसियों पर इंश्योरेंस संबंधी सेवाएँ मिलती रहें.

आधार और पैन विवरण को अपडेट करने के लिए निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध हैं :

- हमारी वेबसाइट www.sbilife.co.in पर सर्विसेस सेक्शन में विजिट करें
- कस्टमर सेल्फ सर्विस पोर्टल पर लॉग ऑन करें
- VM-SBILiF से भेज गए एसएमएस bit.ly लिंक्स पर रिप्लाय करें
- आधार और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और ''ग्राहक विवरण में बदलाव के लिए निवेदन'' फॉर्म के साथ नजदीकी एसबीआई लाइफ शाखा में चले आइए. फॉर्म निम्नलिखित लिंक के जरिए वेबसाइट से पॉलिसी सर्विसिंग फॉर्म्स ड्रॉपडाउन से डाउनलोड किया जा सकता है : https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre




आडी
3 लौटाने के इरादे से पूछना
4 देनेवाला
5 सफल होना
7 आप अपना भविष्य कैसा चाहते हैं
8 रचनाशीलता को कौन प्रेरित करता है
9 आप किसके लिए काम करते हैं
10 वर्चुअल वर्ल्ड (आभासी दुनिया)

खड़ी
1 समृद्धि के लिए अन्य शब्द
2 सुरक्षा का वादा
6 वचन का समानार्थी



FOLLOW US ON: facebook.com/sbilifeinsurance twitter.com/sbilife youtube.com/sbilifeinsurance /sbilifeinsurance
www.sbilife.co.in | SMS 'SOLVE' to 56161
Toll Free: 1800 22 9090 (9:00 am to 9:00 pm)
Email: info@sbilife.co.in

**भ्रामक फोन कॉल्स और जाली/कपटी ऑफ़र्स से सावधान : IRDAI जनता के सामने स्पष्ट करती है कि** • IRDAI या उसके अधिकारी किसी प्रकार के बीमा या वित्तीय उत्पादों की बिक्री जैसी गतिविधियों में या बीमा-किस्तों के निवेश में शामिल नहीं हैं। • IRDAI किसी बोनस की घोषणा नहीं करती। • ऐसे कॉल प्राप्त करने वाली जनता से फोन कॉल के विवरण, नंबर के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निवेदन किया जाता है।

जोखिम कारकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक विवरण के लिए कृपया बिक्री पूर्ण करने से पूर्व विक्रय विवरणिका ध्यान से पढ़ें. ऊपर दिखाया गया ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है और लाइसेंस के तहत एसबीआई लाइफ द्वारा प्रयुक्त किया गया है. यह बिक्री साहित्य ग्राहक की सुविधा के लिए अनूदित किया गया है यदि किसी शब्द/कथन में अनजाने में कोई फर्क, त्रुटि रह गई हो तो सर्वथा इंग्लिश संस्करण को ग्राह्य माना जाएगा. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रजिस्टर्ड और कॉर्पोरेट कार्यालय : नटराज, एम. वी. रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 069. **IRDAI रजिस्ट्रेशन नं.111.** CIN:L99999MH2000PLC129113.